>

Title: Need to expedite approval for the establishment of a Cardiology specialised Hospital in Naroda in Ahmedabad, Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): गुजरात राज्य में आरोग्य सेवाओं की गुणवत्ता, प्रतिव्यक्ति आरोग्य खर्च, मानव विकास सूचक अंक में वृद्धि, बाल मृत्युदर के नियंत्रण लक्षांक की पूर्ति हेतु उचित मात्रा में जरूरी निष्णांत चिकित्सकों, सुपर स्पेश्यालिस्टों की मांग को पूरी करने एवं मेडिकल कॉलेज की स्थापना का गुजरात एक आदर्श केस है । गुजरात सरकार ने छाती के रोगों की नई हॉस्पीटल, नरोडा (अहमदाबाद) में के.आर.वी.वाई. हास्पिटल स्थापना हेतु निवेदन किया है । जरूरी दस्तावेज/प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किए हैं।

मैं सरकार से अनुरोध करती हूँ कि उपरोक्त मामलों के महेनजर रखकर ढाई वर्ष से लंबित पड़ी इस योजना के अनुमोदन एवं क्रियान्वयन हेतु युद्ध स्तर पर कार्यवाही की जाए ।